भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2056
11 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

विषयः-दिल्ली के किसानों के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाएं

2056. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत दस वर्षों के दौरान दिल्ली के किसानों को किन-किन योजनाओं से लाभ हुआ और उनके नाम क्या हैं; और

(ख) विगत दस वर्षों के दौरान उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार को कितनी धनराशि उपलब्ध कराई गई है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री राम नाथ ठाकुर)</u>

(क) और (ख): कृषि राज्य का विषय है। हालाँकि, भारत सरकार देश में किसानों के कल्याण के लिए केंद्रीय क्षेत्रक योजनाओं के साथ-साथ केंद्र प्रायोजित योजनाओं और कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रृंखला को लागू कर रही है। इन योजनाओं में ऋण, बीमा, आय सहायता, इनफ्रास्ट्रक्चर, बागवानी सहित फसलें, बीज, मशीनीकरण, विपणन, जैविक और प्राकृतिक खेती, फार्मर कलेक्टिव, सिंचाई, विस्तार, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से फसलों की खरीद, डिजिटल कृषि आदि सहित कृषि का पूरा दायरा शामिल है।

पिछले दस वर्षों के दौरान दिल्ली के किसानों को जिन योजनाओं से लाभ मिला है, उनका विवरण और नाम तथा उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए दिल्ली सरकार को उपलब्ध कराये गए फंड का विवरण **अनुबंध-I** पर दिया गया है:

अनुबंध-I

I. केंद्रीय क्षेत्रक योजनाएं

1	**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम - किसान)** (योजना की शुरुआत के बाद से लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या, और संवितरित राशि)	लाभार्थियों की संख्या	(रुपये करोड़ में)
		17,521	48.67
2	**प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम - केएमवाई)** (योजना की शुरुआत के बाद से नामांकित किसानों की संख्या)	नामांकित किसानों की संख्या	
		354	
3	**एग्रीकल्चर इनफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ)**	दिल्ली राज्य के लिए, 31 दिसंबर 2024 तक, एआईएफ के तहत 11 परियोजनाओं के लिए 14 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इन स्वीकृत परियोजनाओं के लिए कुल परियोजना लागत 28 करोड़ रुपये है।	

II. केंद्र प्रायोजित योजनाएं

	योजनाएं	**2014-15**		**2015-16**		**2016-17**		**2017-18**		**2018-19**		**2019-20**	
क	**राष्ट्रीय कृषि विकास योजना**	**आवंटन**	**जारी**	**आवंटन**	**जारी**	**आवंटन**	**जारी**	**आवंटन**	**जारी**	**आवंटन**	**जारी**	**आवंटन**	**जारी**
1	राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-डीपीआर			1.50	0.00	1.50	0.00	3.31	0.00	3.45	0.00	3.30	0.00
2	परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)			0.00	0.00	0.00	0.00	35.69	4.71	25.18	0.00	14.62	0.00
	कुल राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई)	**0.00**	**0.00**	**1.50**	**0.00**	**1.50**	**0.00**	**39.00**	**4.71**	**28.63**	**0.00**	**17.92**	**0.00**
ख	**कृषोन्नति योजना**												
1	एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच)	2.55	0.00	0.50	0.00	0.50	0.00	0.50	0.00	0.50	0.00	0.50	0.25
2	कृषि विस्तार उप-मिशन (एसएमएई)	0.16	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.15	0.00	0.50	0.00	0.50	0.25
3	बीज एवं रोपण सामग्री उप-मिशन (एसएमएसपी)	1.30	0.00	1.10	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	1.00	0.00	2.50	0.05
	कुल कृषोन्नति योजना (केवाई)	**4.01**	**0.00**	**1.60**	**0.00**	**0.50**	**0.00**	**0.65**	**0.00**	**2.00**	**0.00**	**3.50**	**0.55**

	योजनाएं	**2020-21**		**2021-22**		**2022-23**		**2023-24**		**2024-25**	
क	**राष्ट्रीय कृषि विकास योजना**	**आवंटन**	**जारी**	**आवंटन**	**जारी**	**आवंटन**	**जारी**	**आवंटन**	**जारी**	**आवंटन**	**जारी**
1	राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-डीपीआर	0.00	0.00	0.23	0.00	0.10	0.00	0.67	0.00	0.67	0.00
2	परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)	0.00	0.00	0.00	0.00						
	कुल राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई)	**0.00**	**0.00**	**0.23**	**0.00**	**0.10**	**0.00**	**0.67**	**0.00**	**0.67**	**0.00**
ख	**कृषोन्नति योजना**										
1	एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच)	0.00	0.00	0.00	0.00	0.50	0.00	0.40	0.00	0.50	0.00
2	कृषि विस्तार उप-मिशन (एसएमएई)	0.40	0.19	0.88	0.00	0.80	0.20	0.20	0.00	0.30	0.00
3	बीज एवं रोपण सामग्री उप-मिशन (एसएमएसपी)	1.50		1.75				0.50		0.50	
	कुल कृषोन्नति योजना (केवाई)	**1.90**	**0.19**	**2.63**	**0.00**	**1.30**	**0.20**	**1.10**	**0.00**	**1.30**	**0.00**

*****